यू0पी0 स्टेट कॉस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0,
(पूर्ववर्ती–समाज कल्याण निर्माण निगम लि0)
टी0सी0/46–V, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक–3791/1–1(1)/स्था0/2023 दिनांक : 07/8/2023

(विज्ञापन संख्या–01/UPSCIDCO/2023)

यू0पी0 स्टेट कॉस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 के अन्तर्गत लेखा संवर्ग में श्रेणी–'क' के **उप महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)** वेतन मैट्रिक्स लेवल–13 वेतनमान रू0 118500–214100) एवं अन्य भत्ते (निगम में लागू) नियमानुसार देय होंगे, के रिक्त **01 पद** को खुली प्रतियोगिता से शासन स्तर पर गठित चयन समिति के माध्यम से साक्षात्कार द्वारा चयन हेतु चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की उपाधि के साथ किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी या किसी विख्यात संस्था/निगम/उपक्रम में 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव, जिसमें मुख्य लेखाधिकारी अथवा समकक्ष का वेतन बैण्ड 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600/– में कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन केवल ऑफलाइन निगम मुख्यालय पर आमंत्रित है।

- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास आधार कार्ड अथवा विधिमान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र का होना अनिवार्य है।
- केन्द्र/राज्य सरकार या किसी अन्य विभाग की सेवा से निष्कासित व्यक्ति उपरोक्त पद हेतु अर्ह नहीं है।

1– <u>वेतनमानः–</u> वेतन मैट्रिक्स लेवल–13 वेतनमान रू0 118500–214100 एवं अन्य भत्ते यू0पी0 स्टेट कॉस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार देय होंगे।

2– <u>अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं</u> :– चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की उपाधिधारक।

3– <u>अनुभव–</u> किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी या किसी विख्यात संस्था/निगम/उपक्रम में 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव, जिसमें मुख्य लेखाधिकारी अथवा समकक्ष का वेतन बैण्ड 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600/– में कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव।

4– <u>आयु</u>– दिनांक 01.07.2023 को अधिकतम 40 वर्ष।

(1) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की या समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा विहित छूट प्रदान की जायेगी।

(2) कार्मिक अनुभाग–4 के शासनादेश सख्या–2–ई.एम./2001–का–4–2013 लखनऊ, दिनांक 27.08.2013 में विहित व्यवस्थानुसार राज्याधीन लोक सेवाओं और पदों पर सीधी भर्ती के प्रक्रम पर राज्य कर्मचारियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

5– **आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेज**– सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेज रू0 1180/– अप्रतिदेय (Non Refundable) है।

(आवेदन शुल्क निगम के नाम बैंक ड्राफ्ट के रूप में आवेदन पत्र के साथ जमा किया जाना होगा तथा आवेदन शुल्क प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तुत आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।)

6– **अर्हताओं एवं अन्य प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरण** :– आवेदन पत्र/बायोडाटा में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर आवश्यक अर्हताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अस्थायी रूप से (Provisionally) सम्मिलित किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा मात्र साक्षात्कार में सम्मिलित होने से चयन का अधिकार प्राप्त नहीं हो जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित पद हेतु निर्धारित अर्हता सम्बन्धी योग्यता प्रमाण पत्र/अंकपत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र इत्यादि (जो अप्रासंगिक हों उन्हें छोड़कर) की एक–एक स्वयं सत्यापित एवं हस्ताक्षरित छायाप्रति साक्षात्कार के समय जमा करायी जायेगी तथा अनिवार्य अर्हता सम्बन्धी सभी प्रमाण पत्रों की मूलप्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थियों के अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। किसी भी प्रकार की गलत सूचना/प्रमाण पत्र देने/प्राप्त होने पर, बिना सूचना के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थन निरस्त करने एवं चयन प्रक्रिया से वंचित करने का अधिकार निगम को है।

7– **अनापत्ति प्रमाण पत्र** :– यदि कोई अभ्यर्थी किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में कार्यरत है तो उसे साक्षात्कार के समय अपने विभागाध्यक्ष द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

8– **चरित्र** :–अभ्यर्थी को दो सम्मानित व्यक्तियों, जो उनके सम्बन्धी न हो, द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना होगा।

9– **वैवाहिक स्थिति** :– ऐसे पुरूष/महिला अभ्यर्थी, जो विधि–विरूद्ध एक से अधिक जीवित पत्नी/पति रखते हों तथा ऐसी महिला अभ्यर्थी, जिनका विवाह ऐसे व्यक्ति से हुआ हो, जिसके पास पहले से एक या एक से अधिक जीवित पत्नी हो, चयन हेतु अर्ह नहीं होंगे।

10– **चयन प्रकिया** :– उपरोक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक अर्हताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया जायेगा। साक्षात्कार 100 अंकों का होगा।

11– **आवेदन कैसे करें** :– विज्ञापन के साथ संलग्न आवेदन पत्र में उल्लिखित समस्त विवरण के अनुसार अपना बायोडाटा आवश्यक प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर, **प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 स्टेट कॉस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0, टी0सी0/46–V, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010** के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर दी जाय। सार्वजनिक क्षेत्र के उपकमों/सरकारी विभागों में कार्यरत व्यक्तियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रेषित करना होगा, हालांकि वे अग्रिम प्रति सीधे निगम को भेज सकते हैं परन्तु यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध किया जाता है तो

साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपना रजिस्टर्ड ई–मेल एवं मोबाइल नम्बर को साक्षात्कार/परीक्षाफल निर्गत होने तक सजीव रखें।

12– **प्रवेश पत्र** :– साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र की सूचना आवेदन पत्र/बायोडाटा में दिये गये रजिस्टर्ड ई–मेल एवं SMS पर प्रेषित की जायेंगी। बुलावा पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

13– **अन्य विशेष सूचना** :–

(1) अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव सम्बन्धी सभी प्रमाण पत्रों की मूलप्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(2) केन्द्र/राज्य सरकार या किसी अन्य विभाग की सेवा से निष्कासित व्यक्ति उपरोक्त पद हेतु अर्ह नहीं है।

(3) सभी प्रासंगिक अर्हताओं सम्बन्धी प्रमाण पत्रों (आवेदन पत्र/बायोडाटा के साथ संलग्न) की मूल प्रतियां तथा एक–एक स्वप्रमाणित छायाप्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन्हें प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में अथवा प्रस्तुत अभिलेख गलत पाये जाने पर अथवा आवेदन पत्र में दी गयी सूचना विज्ञापन के अनुरूप न होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु सम्मिलित न करते हुए अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(4) अभिलेखों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। किसी भी स्तर पर गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर अर्हता पूर्ण न पाये जाने पर अभ्यर्थन/चयन बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

(5) आवेदन सम्बन्धी पूछताछ हेतु ई–मेल mdupscidc@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी पत्राचार आवेदन पत्र में भरे गये पत्राचार के पते पर ही किये जायेंगे। उपर्युक्त विज्ञापन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा।

14– किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल उत्तर प्रदेश होगा।

15– **आवेदन की अन्तिम तिथि :– दिनांक 11 सितम्बर, 2023 को अपरान्ह 04:00 बजे तक।**

07.08.2023

मुख्य अभियन्ता (विद्युत)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम ..............................................................
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) ..............................................................
(अंग्रेजी में) ..............................................................
3. लिंग(पुरूष /महिला) ..............................................................
4. पिता/पति का नाम ..............................................................
5. जन्म तिथि (अ) अंकों में ..............................................................
(ब) शब्दों में ..............................................................
(स) 01 जुलाई, 2023 को आयु– वर्ष............माह..........दिन...............

स्वप्रमाणित फोटो। दिनॉक सहित पठनीय हस्ताक्षर

6. (अ) पत्र व्यवहार का पता ..............................................................
.................................... पिन कोड ......................
(ब) स्थायी पता ..............................................................
.................................... पिन कोड ......................
7. राष्ट्रीयता ..............................................................
8. दूरभाष/मोबाइल न0 ...............................ई मेल ...................................
9. जाति/वर्ग : ..............................................................
10. शैक्षिक योग्यता का विवरण :–

| क0 सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/संस्था/विश्व विद्यालय का नाम | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

11. अनुभव :–

| क0 सं0 | विभाग/संस्था का नाम | पदनाम | वेतनमान वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन/ वेतन मैट्रिक्स लेवल | अवधि | कार्य की प्रकृति | वर्तमान में प्राप्त कुल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

## घोषणा–पत्र

मैं एतद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये विवरण/सूचनायें सत्य हैं और मैंने इन विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य छिपाया नहीं हैं। यदि कोई विवरण/सूचना असत्य/गलत पायी जाए या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाए।

**संलग्नको का विवरण**

आवेदक के हस्ताक्षर ............................
आवेदक का नाम– ............................
दिनांक – ............................